/font>

Title: Regarding division of assets and cadre between Bihar and Jharkhand.

**श्री राम टहल चौधरी (रांची) :** अध्यक्ष जी, मैं आपका ध्यान झारखंड राज्य की और आकर्ाित करना चाहता हूं जिसको अलग हुए करीब ढाई व़ार्ा हो गये हैं। लेकिन वहां अभी तक कैडर का बंटवारा नहीं हुआ है जिसके कारण सरकारी कार्य में काफी बाधाएं उत्पन्न हो रही हैं। भ्रट अधिकारी इसका फायदा उठा रहे हैं और अच्छे पदाधिकारी चुपचाप बैठे हुए हैं। इसलिए केन्द्र सरकार से मेरा आग्रह है कि वह स्वयं हस्तक्षेप करके झारखंड के कैडर का बंटवारा अतिशीघ्र कराए।

दूसरा, बिहार राज्य के पास बिहार निवास और बिहार भवन है लेकिन झारखंड के पास एक भी भवन नहीं है जिससे वहां के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। झारखंड से जो जनप्रतिनिधि दिल्ली आते हैं उनको होटल में रहना पड़ता है जिससे असुविधा के साथ-साथ पैसे का बोझ भी उनकी जेब पर पड़ता है। वहां के जो अधिकारी हैं उनका प्रमोशन नहीं हो रहा है और इन संस्थाओं का बंटवारा न होने के कारण तीन-चार साल से कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल रहा है। इसलिए अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि कैडर का बंटवारा शीघ्र कराया जाए और बिहार भवन और बिहार निवास में से एक भवन झारखंड को दिया जाए। धन्यवाद।